कार्यालय अध्यक्ष, चयन समिति/जनपद न्यायाधीश, मथुरा

विज्ञप्ति

पत्रांक–2395/ 2022

दिनांक : 6 दिसम्बर, 2022

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के सी0एल0 संख्या–14/एडमिन (D) Section ; Dated 15.10.2022 के अनुपालन में अधोहस्ताक्षरी की विज्ञप्ति संख्या–645 दिनांकित 01.11.2022 (संशोधित) जनपद न्यायालय, मथुरा में निम्न रिक्त पदों पर जनपद न्यायालय से सेवा निवृत्त कर्मचारीगण की नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप (संलग्न) पर आवेदन पत्र दिनांक 14/12/22 की सांय 05.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं।

क्रम सं0	पद नाम	रिक्त पदों की संख्या	रिक्त पद से सेवा निवृत्त कार्मिकों को दिये जाने वाले मानदेय की धनराशि
1.	आशुलिपिक ग्रेड–03	20	Principal of last Basic Pay drawn - Amount of Basic Pension.
2.	कार्यालय सहायक, (तृतीय श्रेणी)	85	Principal of last Basic Pay drawn - Amount of Basic Pension.
3.	ट्यूब वैल ऑपरेटर	1	Principal of last Basic Pay drawn - Amount of Basic Pension.
4.	बण्डल लिफ्टर	1	Principal of last Basic Pay drawn - Amount of Basic Pension.
5.	दफ्तरी	2	Principal of last Basic Pay drawn - Amount of Basic Pension.
6.	अर्दली/ऑफिस पियोन	16	Principal of last Basic Pay drawn - Amount of Basic Pension.

नोट : –

1. उक्त पदों पर चयनित कर्मचारीगण का कार्यकाल कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 01 वर्ष या उस पद पर सीधी भर्ती या पदोन्नति द्वारा भरे जाने अथवा 65 वर्ष आयु पूर्ण होने में से जो भी पहले हो, तक के लिये होगा।
2. चयनित कर्मचारीगण की नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी जो सन्तोषजनक सेवा न पाये जाने की स्थिति में बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकती है।
3. आवेदक की विगत पूर्व 5 वर्षों की चरित्र पंजिका सही हो।
4. आवेदक पर कोई आपराधिक मुकद्मा लम्बित एवं पंजीकृत न हो।
5. उक्त आवेदन प्रशासनिक कार्यालय, जनपद न्यायालय, मथुरा में मूलरूप में स्वीकार्य होंगे।

प्रशासनिक अधिकारी, जनपद न्यायालय, मथुरा को आदेशित किया जाता है कि उक्त विज्ञप्ति को समस्त न्यायालय के सेवा निवृत्त कर्मचारियों के मध्य परिचालित करायी जाय। सार्वजनिक प्रकाशन हेतु न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाय एवं माननीय उच्च न्यायालय की अधिकारिक वैबसाइट पर भी अपलोड करायी जाय।

एक प्रति जिला सूचना अधिकारी, मथुरा को समाचार पत्रों में निशुल्क प्रकाशन हेतु प्रेषित की जाय।

अध्यक्ष,
06/12/22
चयन समिति,
जनपद न्यायाधीश, मथुरा

जिला न्यायाधीश
मथुरा